तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

12 सेवा सहकारी समिति की अनियमितताओं के खिलाफ...



11 दीक्षा से पहले मुमुक्षु काजल नाहर का बहुमान...





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं. 8

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

# कन्या हाई स्कूल से महज कुछ मीटर दूर शराब दुकान, छात्राओं की सुरक्षा ताक पर

## अहाते में दिनभर नशाखोरी और हंगामे से छात्राओं में भय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शासकीय कन्या हाई स्कूल करहीभदर से महज 50 मीटर की दूरी पर देशी अंग्रेजी शराब दुकान व अहाता संचालित होने से बच्चियों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीण कन्या शाला में ऊंची चार दीवारी निर्माण की मांग कर रहे हैं।

ग्राम करहीभदर में स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल से कुछ ही दूरी पर शासन ने शराब दुकान खोल दिया। अब बीते दो तीन सालों से यहां अहाता भी खोल दिया गया है। अहाता में दिन दहाड़े लोग शराब पीते है एवं हुल्लड़ एवं गाली–गलौज आम बात है। कभी–कभी विवाद की स्थिति में तेज शोरगुल की आवाज भी स्कुल परिसर तक पहुंचती है। दावा है कि शराब दुकान में होने वाली आवाजों को स्कूल परिसर तक आसानी से सुना व देखा जा सकता है। इससे छात्रओं में भय व आतंक का माहौल है, वहीं इसका दुष्प्रभाव भी बालिकाओं पर पड़ने का खतरा है। समस्या स्कूल बंद होने के बाद ज्यादा बढ़ती है। सुरक्षित अहाता नहीं होने से शराब प्रेमी स्कूल परिसर में तथा कभी–कभी तो स्कूल के खुले बरामदा में भी बैठकर शराब पीते हैं एवं शराब की खाली शीशी को छोड़ देते है, कई कांच की शीशी को फोड़कर बरामदा व शालर परिसर में छोड़ देते हैं। चकना व प्लास्टिक की गंदगी भी शाला परिसर की सुंदरता को खराब करती है।



### ग्रामीणों ने उठाई चहारदीवारी की मांग

ग्रामीण, पालक व पंचायत प्रतिनिधि लगातार मांग कर रहे हैं कि शाला परिसर में सुरक्षित चारदीवारी बनाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि चारदीवारी ऊंची हो जिससे कोई चारदीवारी फांदकर अंदर न आ सके एवं स्कूल परिसर से शराब दुकान का नजारा नजर न आए। सरपंच ग्राम पंचायत कहरीभदर बसंत तारम ने कहा हमने शासन प्रशासन से स्कूल परिसर में चारदीवारी की मांग की है लिखित में आवेदन सौंपे हैं, राशि नहीं मिल रही है। बच्चियों की सुरक्षा एवं भय युक्त शिक्षा के लिए चारदीवारी बहुत जरूरी है।

## मांग : ग्रामीणों और पालकों के विरोध के बाद शिक्षा विभाग ने भेजा अतिरिक्त शिक्षक

# शिक्षक की मांग पर कोचेरा स्कूल में की तालाबंद, चार घंटे बाद खुला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



शिक्षकों की मांग को लेकर ग्राम कोचेरा में पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चें व पालको ने तालाबंदी कर दी। आनन फानन में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षक को संलग्न किया, तब ग्रामीणों ने तालाबंदी खोली। विद्यालय में वर्तमान में 26 बच्चे है।

ग्राम कोचेरा में ग्रामीण नवीन सत्र प्रारंभ होने के साथ ही शिक्षक की मांग करते हुए शिक्षा विभाग को आवेदन दे रहे थे। विद्यालय में कुल चार शिक्षक थे। प्रधान पाठक पदोन्नत होकर चले गये, एक महिला शिक्षक एक माह पूर्व सेवा निवृत्त हो गई। शेश दो शिक्षक रह गए। उनमें एक को प्रभारी प्रधान पाठक बना दिया गया। ग्रामीण बताते हैं कि प्रधान पाठक सरकारी कागजों को बनाने व उच्च कार्यालय आने–जाने में ही व्यस्त हो जाते हैं एक शिक्षक के भरोसे तीन कक्षाएं रह गई थी। ग्रामीणों को विद्यालय में उत्पन्न होने वाली स्थिति का पहले से ज्ञान था इसीलिए वे पूर्व से ही लगातार शिक्षक की मांग करते हुए आवेदन दे रहे थे। जब सुनवाई नहीं हुई तो बीते 15 जुलाई को तालाबंदी करने की चेतावनी देते हुए 20 जुलाई तक का समय दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार उसके बाद विभाग ने एक शिक्षक को संलग्न किया था लेकिन वे नहीं आए। शिक्षक के नहीं आने से भविष्य की चिंता में नाराज पालको ने सोमवार को तालाबंदी कर दी। ग्रामीणों ने बताया तालाबंदी के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे एवं दूसरे शिक्षक को भेजने की बात कहकर तालाबंदी खत्म करने कहा। लेकिन ग्रामीणों ने कहा शिक्षक आएगा तभी तालाबंदी खुलेगी। लगभग चार घंटे बाद तालाबंदी खुली। इस दौरान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष तोशण साहू लगातार ग्रामीणो के साथ उनके समर्थन में जमीन में बैठे रहे, तालाबंदी के दौरान माध्यमिक स्कूल शाला समिति के अध्यक्ष अर्जुन देसलहरे, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष डामन लाल, तुलेश साहू, खेमलाल, खिलावन, कृष्णा साहू, द्वारका, गजानंद, संतोलाल, महानंद स्कूल के सभी बच्चे व जनपद उपाध्यक्ष तोशण लाला साहू, ग्राम पंचायत सरपंच भूलनडबरी डोमल लाल, ग्रामीण अध्यक्ष डामन लाल, उपाध्यक्ष गिरवर मिर्मलकर, सचिव रविकुमार, कोशाध्यक्ष खिलावन साहू, शाला प्रबन्धन अध्यक्ष अर्जून देशलहरे, बेद राम साहू मलघाटी, तुलेश कुवर दादरा, खेमलाल, देशलहरे, संतोश, मिथलेश, पुन्नालाा, पंच वरूण, द्वारका प्रसाद, पंच सुदरलाल, पूरण साहू, रोहित राम, सोहन तेलासी, विजय कुमार, हलधर साहू, टूमन साहू, देवदास देशलहरे, बाबूलाल, भशम, अमरसिंह, अंसोर, अंशकरण, दयाराम, उधोराम, सांतोलाल, सोमनाथ, पंच पुहुव साहू, रासु यादव, अभय राम, नंद कुमार, भोलाराम, नेमीचंद देशलहरे, गोविंद, द्वारका नेताम, तुलाराम, प्रदीप ▸▸| शेष पेज 10 पर

# बिना लायसेंस के दो गोदामों का ताला तुड़वाकर किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

■ दो गोदाम कब्जे में, दस्तावेजों की जांच के बाद दोषियों पर होगी कानूनी कार्रवाई

कृषि विभाग ने अवैध उर्वरक कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम चिंगरी (अंडा) में बिना वैध लाइसेंस संचालित दो गोदामों पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान संबंधित संचालक द्वारा लगातार टालमटोल और जांच में सहयोग नहीं करने पर प्रशासन ने स्थानीय पंचों एवं गवाहों की मौजूदगी में गोदाम का ताला तुड़वाकर जांच की।

कार्रवाई में बड़ी मात्रा में खाद एवं कृषि आदान सामग्री बरामद होने के बाद दोनों गोदामों को विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया। उपसंचालक कृषि संदीप भोई के निर्देशन में जिला एवं विकासखंड स्तरीय संयुक्त टीम को ग्राम चिंगरी में अवैध रूप से उर्वरक एवं कृषि आदान सामग्री के भंडारण की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और किराए के दो गोदामों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान गोदाम संचालक तरुण त्रिपाठी (निवासी रीवा, मध्यप्रदेश) से मोबाइल पर संपर्क कर गोदाम खोलने के लिए बुलाया गया, लेकिन उन्होंने स्वयं को रायपुर में होना बताते हुए आने में असमर्थता जताई। अधिकारियों के बार-बार अनुरोध और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए.एन.के. नेताम के निर्देश के बावजूद वे मौके पर नहीं पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार करीब तीन घंटे तक ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### आपत्तिजनक फोटो वायरल, दो गिरफ्तार

**बालोद।** जिले में पूर्व प्रेमियो द्वारा अपनी अपनी प्रेमिकाओ का आपत्तिजनक फोटो सोशल मिडिया में अपलोड करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनो ही आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र एवं अर्जुन्दा थाना क्षेत्र में एक जैसे मामले सामने आए है, जिसमे प्रेमियो ने अपनी प्रमिका से ब्रेकअप होने के बाद कई बार उनसे संपर्क करने का प्रयास किया। जब प्रेमिकाओ ने अपने प्रेमियो से किसी भी संपर्क संबंध नही रखने की बात कही तो प्रेमियो ने प्रेमिकाओ के साथ चल रहे प्रेम प्रसंग के दौरान लिए गए विडियो फोटो को सोशल मिडिया में वायरल कर दिया। एक मामले में तो आरोपी प्रेमी ने अपने पूर्व प्रेमिका की पिता एवं उसकी सहेलियो को इस्टाग्राम में अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक फोटो, विडियो भेज दिए। अन्य लोगो से जानकारी होने प्रेमिकाओ ने अपने अपने प्रेमियो के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जिसमे पुलिस ने अपराध कायम करते हुए त्वरित कार्यवाही की एवं दोनो आरोपियो नारायण देशमुख एवं गिरिश देशलहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया।

### मीनाक्षी साहू ने नीट में हासिल की 570 अंक और ऑल इंडिया 23187वीं रैंक



**गुरूर।** विकासखण्ड गुरूर के ग्राम बासीन की प्रतिभाशाली छात्र कुमारी मीनाक्षी साहू ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में 570 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया 23187 रैंक हासिल की है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे ग्राम बासीन एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है। मीनाक्षी साहू ने जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष तोशण साहू से भेटकर उनका आर्शीवाद लिया। उन्होने कहा मीनाक्षी की उपलब्धी से ग्राम के अन्य विद्यार्थी प्रेरणा लेगे व आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। मीनाक्षी साहू, शिक्षक तिजेन्द्र कुमार साहू एवं यामिनी साहू की पुत्री है। उनके दादाजी विश्वनाथ साहू, चाचा देवब्रत साहू तथा चाची डामिन साहू, छोटी बहन काम्या साहू के साथ ग्रामीणो व परिवारिकजनो ने हर्ष व्यक्त किया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम अमलीडीह के समीप गोंदली केनाल के पास एक व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद राहगिरो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अमलीडीह के समीप गोंदली केनाल ▸▸| शेष पेज 10 पर

# दो फरार अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत डौंडीलोहारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को मध्यप्रदेश के रायसेन और भोपाल से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में शामिल गिरोह के सभी सात आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार 9 जून को साइबर सेल और थाना डौंडीलोहारा की संयुक्त टीम ने ग्राम भेड़ी मुख्य मार्ग के पास कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से 72.621 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 36.31 लाख रुपये है, जब्त किया गया था। इसके अलावा चार मोटरसाइकिल और छह मोबाइल फोन भी बरामद किए गए थे। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 40.52 ▸▸| शेष पेज 10 पर



■ मध्यप्रदेश के रायसेन और भोपाल से दबोचे गए तस्कर, गिरोह के सभी सात आरोपी अब पुलिस गिरफ्त में

# धनोरा में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अतिक्रमण 70 से अधिक लोगों पर कब्जे के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

■ जिलाधीश के निर्देश के बाद भी कार्रवाई सुस्त

ग्राम पंचायत धनोरा क्षेत्र अंतार्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में सड़क किनारे 70 से अधिक लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है या कब्जे की तैयारी कर ली है। जिलाधीश ने निर्देश के बाद राजस्व विभाग व पंचायत दोनो अतिक्रमण हटाने की दिशा में उदासीन है।

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनोरा इन दिनों अवैध कब्जा करने वालो के लिए स्वर्ग बना हुआ है। पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के दोनों ओर कब्जा करने की होड़ सी मची है। कुछ ने कब्जा कर व्यवसाय प्रारंभ कर दिया है तो बहुसंख्यक कब्जा करने की तैयारी को गति दे रहे है।

सड़क के किनारे की भूमि 7 से 10 फीट तक गहरी है, जिसे पाटकर सड़क के बराबर करने का कार्य कुछ लोग कर रहे हैं। कुछ ने तो सड़क तक गड्ढे को पाट भी दिया है। मामले में जिलाधीश ने संबंधित विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। यह विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों के बयानों से स्पष्ट है, लेकिन जिस गति से कार्य किया जा रहा है वह जिम्मेदारों की नियत पर सवालिया निशान लगाता है।

महीने पहले जिला से आदेश के बाद राजस्व विभाग ने जांच की थी, तब 70 लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की पुष्टि हुई थी। बता दे कि इसमें धनोरा सरपंच के रि"तेदार पर भी अतिक्रमयण कर दुकान चलाने का आरोप लगा रहा है। समझाा जा रहा है कि इसी के कारण ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही धीमी है।

वही एक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने घास भूमि एवं जल संसाधन विभाग की नहर की भूमि पर पक्का निर्माण कर दुकान बना लिया है। बताते हैं कि सिंचाई विभाग के पूर्व एस.डी.ओ ने मामले में जांच कर कार्यवाही प्रारंभ की थी, लेकिन उस अधिकारी के स्थानांनतरण के बाद जांच व कार्यवाही ढ़ीली पड़ गई। मामले में पटवारी राकेश सिन्हा ने कहा लगभग 70 लोगो द्वारा अतिक्रमण करने या अतिक्रमण की प्रक्रिया की गई है, प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को प्रेरसित कर दिया गया है। नायब तहसीलदार रमेश कुमार मंडावी ने कहा हमने पंचायत को जानकारी देकर कार्यवाही करने को कहा है। उनके द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती है तो हम नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

# पार्क में अचेत मिली युवती, बयान के आधार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ युवती पार्क तक कैसे पहुंची, किन लोगों के साथ थी, पुलिस जांच में जुटी

जिला मुख्यालय से पर्यावरण पार्क में कांकेर जिला की एक युवती बेशुध अवस्था में मिली। बताया जा रहा है कि उस दौरान उसके शरीर में नाममात्र के कपड़े थे।

पर्यावरण पार्क के कर्मचारियो ने उसे देखा तथा उसकी जानकारी बालोद पुलिस को दी। घटना में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की बात सामने आ रही है। मामले में विधायक ने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए विधानसभा में भी मामले को उठाया था। बालोद जिला मुख्यालय के पर्यावरण पार्क में तीन दिन पूर्व कांकेर जिला के एक युवती को पार्क के कर्मचारियो ने देखा तब उसकी जानकारी पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती कराया था। युवती के होश में आने के बाद उसके बयान के आधार पर बालोद पुलिस ने सामूहिक बलात्कार का मामला पंजीबद्ध कर लिया है। कांकेर से युवती कब, कैसे, किसके साथ आई, पर्यावरण पार्क कैसे पहुंची युवती के साथ घटना कब कहा हुई यह सब अभी जांच का विषय है। मामले में बड़ा सवाल यह है कि युवती पर्यावरण पार्क में किसके साथ आई थी।

घटना पर्यावरण पार्क के आस पास हुई या कही और, जिस स्थिति में युवती मिली है। ऐसी आशंका है कि घटना पर्यावरण पार्क में या उसके आसपास हुई होगी। मामले में अभी सच्चाई सामने आना बाकी है लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए है। कोतवानी प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने कहा मामले में धारा 70 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है जांच जारी है।

## एक माह से ऑपरेटर के पास पड़े हैं 40 हजार रुपये से अधिक टैक्स की राशि

# बी जामगांव पंचायत में सचिव की अनुपस्थिति से कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद




■ टैक्स के अलावा अन्य भुगतान और पंचायत कार्य भी हो रहे प्रभावित

ग्राम पंचायत बी जामगांव में पंचायत सचिव की लागातार अनुपस्थिति से पंचायत कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण टैक्स का पैसा ऑपरेटर के पास जमा कर रहे हैं, लेकिन ऑपरेटर से पैसा लेने वाला कोई नही है। जिससे हजारो रूपये ऑपरेटर के पास ही पड़े है, ग्रामीण पंचायत का टैक्स के अतिरिक्त अन्य शुल्क जमा करने के लिए पंचायत का चक्कर लगा रहे हैं पर पैसा लेने वाला कोई नही है। ग्राम पंचायत बी जामगांव में एक महिला सचिव पदस्थ है। पंचायत से प्राप्त शिकायत के अनुसार जब से सचिव यहां पदस्थ हुई है तब से नियमित कार्यालय में नहीं आती है। पंचायत सचिव की अनुपस्थिति को देखते हुए पंचायत ने कर जमा करने के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर को रसीद बुक दे दिया है। ऑपरेटर ही टैक्स की राशि वसूल कर रहा है, लेकिन ऑपरेटर के पास जमा रकम को लेने वाला कोई नहीं है। ऑपरेटर को कर की राशि के लिए ही अधिकृत किया गया है, अन्य राशि जमा करने के लिए ग्रामीण भटक रहे हैं। वहीं अन्य कार्य के लिए भी ग्रामीणों को बार–बार पंचायत का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इधर पंचायत के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्वयं सरपंच सचिव को इंतजार करते हुए सोमवार को मिला। पूरे मामले में विडंबना यह है कि ग्रामीणों के साथ सरपंच व पंचायत सचिव के अनियमित आने से परेशान है, लेकिन कभी किसी ने इसकी जानकारी या लिखित शिकायत जनपद पंचायत में नहीं की, इससे पूरे कार्यशाली ही संदेहों में आ रही है कि ऐसा क्या कारण है कि कोई सचिव की शिकायत उच्च कार्यालय को क्यों नहीं कर रहा है। मामले में सचिव का पक्ष जानने के लिए उनसे कई बार उनके मोबाईल नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन घंटी जाने के बाद भी उन्होंने मोबाईल नहीं उठाया। सरपंच बी जामगांव दिनेश कुमार देवांगन ने कहा मैं स्वयं सचिव का इंतजार कर रहा हूं। बीते बुधवार के बाद से सचिव आई ही नहीं। उसके पूर्व सप्ताह में भी एक ही दिन आई थी। उन्होंने आज अवकाश लिया है कि नहीं इसकी जानकारी नहीं है। सचिव के नहीं आने से पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मछुवारा समिति भुगतान करने के लिए भटक रही है, सचिव के पास हिसाब है, इसलिए राशि जमा नहीं हो पा रही है। कम्प्यूटर ऑपरेटर तेजेन्द्र कुमार साहू ने कहा टैक्स वसूली की रसीद है, टैक्स वसूली कर रहा हूं। वर्तमान में वसूली का 40,000 रूपये से अधिक मेरे पास है, एक माह से कोई पैसा नहीं ले रहा है। पंचायत निरीक्षक जनपद पंचायत बालोद सी.पी.यदु ने कहा सोमवार को बी जामगांव की सचिव ने कोई अवकाश नही लिया है, बी जामगांव सचिव के पंचायत नियमित नहीं आने के संबंध में जनपद पंचायत में कोई शिकायत कभी नहीं मिली है। मामले में जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रैक्टर की बैटरी और साउंड बॉक्स की चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डी

थाना डौण्डी पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई ट्रैक्टर की दो बैटरियां एवं एक साउंड बॉक्स सहित 18 हजार रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा विकास पाटले के पर्यवेक्षण में थाना डौण्डी पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार ग्राम भर्रीटोला निवासी ओवेन्द्र कुमार यादव ने थाना डौण्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 एवं 26 जून 2026 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने उनकी तूफान वाहन में लगा साउंड बॉक्स तथा उनके ट्रैक्टर और गांव के एक अन्य ट्रैक्टर में लगी बैटरियां चोरी कर ली थीं। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग 18 हजार रुपये बताई गई थी। शिकायत पर थाना ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### भंवरमरा स्कूल में पालक शिक्षक बैठक संपन्न

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में गुरुवार को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के पालकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अध्ययन स्तर एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक उपायों पर पालकों के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण के संबंध में पालकों को जागरूक किया। उन्होंने पात्र छात्राओं के टीकाकरण में पालकों से सहयोग करने की अपील की। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से डोमार सिंह साहू को समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष सहित कुल 20 सदस्यों का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख, वरिष्ठ व्याख्याता राधेश्याम साहू, हेमप्रकाश मेश्राम, गणेश मलेरिया, येनूराम मलेरिया, रमेश ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, अजय कौशिक, दिनेश्वरी कोठारी, रुक्मणी देशमुख, यशवंत कुलदीप, आरती श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### टटेंगा स्कूल में नीर चेतना अभियान के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छत्तीसगढ़ शासन के 'नीर चेतना– मोर गांव, मोर पानी' अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य टी.एल. देवांगन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नीर चेतना अभियान जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में राज्य शासन की महत्वपूर्ण पहल है। जल का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए जनभागीदारी आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक वेद साहू, महेश रावटे, नीलिमा निलमर्कर, कुंदन यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सीढ़ी से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**धमतरी।** पैर फिसल जाने से सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सेनचुवा निवासी ऊषा चंद्राकर पति मनोज उम्र 60 वर्ष मजदूरी का काम करती थी।

सीएम हेल्पलाइन, पीजी पोर्टल और जनदर्शन के आवेदनों का तय समय में निराकरण करने के आदेश

# समय-सीमा के प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को समय–सीमा से संबंधित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे कि शासन के मंशानुरूप आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

- बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य, पौधारोपण और मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों की भी हुई समीक्षा

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने सुशासन तिहार, सीएम हेल्पलाईन, पीजी ऑनलाईन पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन तथा उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने बालोद जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी सराहना की। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने भारत सरकार के पीजी ऑनलाईन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को विशेष प्राथमिकता के साथ पीजी ऑनलाईन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के आधार बेस्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सुबह 10 बजे कार्य में उपस्थिति के दौरान तथा शाम 05.30 बजे कार्यालय छोड़ते वक्त अनिवार्य रूप से अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

बैठक में मिश्रा ने मुख्यमंत्री घोषणा के कार्योर् के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम करेंझर के देवस्थल राजाराव पठार में किचन शेड निर्माण एवं विद्युतीकरण के कार्य के संबंध में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में आयोजित की जाने वाली वृहद वृक्षारोपण अभियान के तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने इस दौरान पौधरोपण हेतु विभागवार निर्धारित लक्ष्य के अलावा पिछले वर्ष रोपे गए पौधों की स्थिति के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को इस वर्ष आयोजित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से पौधरोपण कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने जिला विपणन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से मौजूदा खरीफ वर्ष के लिए समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के कृषकों को समय पर खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण तैयारी करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से जीएसटी रिटर्न फाइलिंग के संबंध में भी जानकारी ली।

बैठक में श्रीमती मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा मुख्य अस्पताल अधीक्षक से जिला चिकित्सालय बालोद में रेडियो लॉजिस्ट की नियुक्ति के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण के कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुए इस आयु वर्ग के सभी बालिकाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सड़कों में विचरण करने वाले घुमन्तु पशुओं की समस्या की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## सुशासन तिहार, राजस्व प्रकरणों और पीएम किसान योजना की प्रगति की हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग के कार्योर् की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने सभी राजस्व अधिकारियों को एग्रीस्टैक पोर्टल में जिले के शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन एवं बैकेटिंग के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत सुशासन तिहार एवं राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा के अलावा राजस्व प्रकरणों के अंतर्गत अविवादित, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन एवं अवैध वृक्ष कटाई की रोकथाम के उपाय तथा त्रुटि सुधार तथा ई–कोर्ट के प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने स्वामीत्व योजना, बटांकन आदि के कार्योर् की प्रगति के अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कार्योर् की प्रगति की भी समीक्षा की। मिश्रा ने एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को कोटवार आदि के माध्यम से मुनादी कराने के अलावा अन्य सभी माध्यमों से इसका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सहकारी समितियों में किसानों के साथ बैठक आयोजित कर इसके संबंध में उन्हें जानकारी देने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन एवं बैकेटिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया कृषि क्षेत्र का एक डिजिटल इकोसिस्टम (पहचान पत्र) है। इसमें हर किसान को एक विशिष्ट किसान आईडी दी जाती है, जो उनके आधार कार्ड, बैंक खाते और जमीन के रिकॉर्ड (खेत का ब्यौरा) को एक साथ जोड़ती है। उन्होंने एग्रीस्टैक से जुड़े मुख्य बिंदुओं के संबंध जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक आईडी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और खाद, बीज सब्सिडी का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचता है।

- एग्रीस्टैक पंजीयन में लापरवाही नहीं चलेगी, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## भरर के छात्रों ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली



**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर के छात्रों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों ने पोस्टर बैनर एवं स्लोगन तथा नारों से लोगों को नशा के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉक्टर भारती के निर्देशन में निकली इस रैली में शिक्षक शिक्षिकाओ ने भी सहभागिता अदा किए।

## शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक के विरोध में माकपा-सीटू का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



भारत की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) शाखा राजहरा एवं हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाईज यूनियन (सीटू) ने रविवार को दल्लीराजहरा में धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने जलवायु कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक के आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस्तीफा नहीं दिया जाता है तो उन्हें पद से हटाने की कार्रवाई की जाए। माकपा एवं सीटू की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सचिव पुरुषोत्तम सिमैया ने बताया कि नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक के आंदोलन का संगठन पूर्ण समर्थन करता है। विज्ञप्ति में दावा किया गया कि लगातार अनशन के कारण उनकी स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिसके चलते राष्ट्रपति से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है।

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, सोनम वांगचुक के आंदोलन का किया समर्थन

संगठनों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जुड़े विवादों, पेपर लीक की घटनाओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। उनका कहना है कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों ने लाखों विद्यार्थियों और नौकरी के अभ्यर्थियों का भरोसा कमजोर किया है तथा युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है।

प्रेस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भी आलोचना की गई। माकपा एवं सीटू ने आरोप लगाया कि यह नीति शिक्षा के निजीकरण, केंद्रीकरण और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देती है, जिससे गरीब एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच और कठिन होती जा रही है। संगठनों ने सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा समान अवसर आधारित नई शिक्षा नीति लागू करने की मांग उठाई। संगठनों ने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षाओं और शिक्षा व्यवस्था का बढ़ता केंद्रीकरण राज्यों के अधिकारों को प्रभावित कर रहा है। उनका कहना है कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, लोकतांत्रिक मूल्यों और संघीय ढांचे को मजबूत करने की दिशा में व्यापक सुधार आवश्यक हैं।

माकपा एवं सीटू ने कहा कि पेपर लीक, शिक्षा का व्यावसायीकरण, भ्रष्टाचार, केंद्रीकरण और बढ़ती बेरोजगारी एक-दूसरे से जुड़े गंभीर मुद्दे हैं। करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने केंद्र सरकार से शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान पुरुषोत्तम सिमैया, विनोद मिश्रा, नकुल देवांगन, जे. गुरुवुलु, ओमप्रकाश साहू, सुनील नोन्हारे, दीपक साहू, सुजीत मंडल, मुकेश मानस सहित सीटू के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद मां-बेटी को मिला नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रोटी, कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा और मकान हर जरूरतमंद को देगा कबीर भगवान, यही कबीर परमेश्वर का संदेश है। इसी मानवीय सोच को साकार करते हुए संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर के वार्ड क्रमांक 12 टिकरापारा निवासी प्रमिला बाई कुम्हार और उनकी मानसिक रूप से कमजोर बेटी को टीन शेड के स्थायी प्रोफाइल शीट वाले पक्के मकान की चाबी सौंपी गई।

कुछ समय पहले तक दोनो मां–बेटी अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रही थीं। लगभग 150 वर्गफुट की जर्जर मिट्टी की झोपड़ी, जिसकी छत पूरी तरह टूट चुकी थी, वही उनका आशियाना था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, जिससे पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती थी। घर के भीतर ही पानी भर जाता था और दोनों जमीन पर सोने को मजबूर थीं। प्रमिला बाई शारीरिक रूप से अत्यंत कमजोर हैं। उनके पास खेती की जमीन, पशुधन या कोई नियमित आय का साधन नहीं है। उनके पति लगभग 24 वर्ष पूर्व घर छोड़कर चले गए थे। उनकी 29 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि दोनों को आस पास के लोगों से सहायता मांगकर दो वक्त का भोजन जुटाना पड़ता था। लकड़ियां बीनकर चूल्हा जलता था और उसी से किसी तरह जीवन चल रहा था। अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत हुए सर्वे के बाद संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने इस परिवार की स्थिति को गंभीरता से लिया। इसके बाद सभी सेवादारों के सहयोग से उनके लिए टीन शेड का मजबूत प्रोफाइल शीट वाला स्थायी मकान मात्र 2 दिनों में तैयार कराया गया। आज आयोजित सादगीपूर्ण कार्यक्रम में परिवार को नए मकान की चाबी सौंपते हुए उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन की नई शुरुआत का अवसर दिया गया।



इस अवसर पर सेवादारों ने कहा कि अन्नपूर्णा मुहिम का उद्देश्य केवल तत्काल सहायता देना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को आत्म सम्मान के साथ जीवन जीने योग्य बनाना है। इसी भावना के साथ परिवार को आश्वस्त किया गया कि जब तक प्रमिला बाई और उनकी बेटी स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर सक्षम नहीं हो जातीं, तब तक आवश्यकतानुसार भोजन, वस्त्र और अन्य जरूरी सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नए मकान का अवलोकन किया और सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे मानवता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। एक समय जो स्थान टूटी हुई झोपड़ी और बेबसी का प्रतीक था, आज वही स्थान एक सुरक्षित, मजबूत और सम्मानजनक आशियाने के रूप में नई उम्मीद की कहानी कह रहा है। इस अवसर पर राज्य संयोजक दुष्यंत दास, जिला संयोजक परमेश्वर दास, प्रमोद दास, तहसील संयोजक तोरण दास, जागेश दास, तिलक दास एवं क्षेत्रीय सेवादार पार्थ दास, कंसू दास, अनिरूध्द दास, मूनेश्वर दास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने और मानवता की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## आत्मजागरण से ही मिलेगी स्थायी शांति : अक्षय मुनिजी मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में रविवार को आयोजित धर्मसभा में जैन आचार्य भगवान श्रीरामलाल मसा के सुशिष्य शासन दीपक अक्षय मुनिजी मसा ने कहा कि संसार का प्रत्येक प्राणी अनादिकाल से अज्ञान की अवस्था में भटक रहा है और मानव जीवन इस अज्ञान से बाहर निकलने का दुर्लभ अवसर है। उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अपना मन है, जो तर्क-वितर्क के माध्यम से उसे सत्य के मार्ग से भटकाता रहता है। इसलिए जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मजागरण होना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि भौतिक वस्तुओं की खराबी को सुधारने में मनुष्य तत्पर रहता है, लेकिन अपने मन और चेतना की अशुद्धियों को दूर करने का प्रयास नहीं करता। सुख-दुख में उलझे रहना जागरण नहीं, बल्कि अज्ञान की ही अवस्था है। आज व्यक्ति आधुनिकता और सुविधाओं से संपन्न होने के बावजूद भीतर से अशांत है। धन, वैभव और ऐश्वर्य कभी स्थायी शांति नहीं दे सकते, इसके लिए आत्मबोध आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जात-पात, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी तथा बाहरी कर्मकांड मिथ्यात्व हैं। जब मिथ्यात्व दूर होगा, तब सत्य स्वयं प्रकट होगा। सत्य बाहर नहीं, प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान है। आवश्यकता केवल उसे पहचानने और जागृत होने की है।

## संभाग स्तरीय अंडर-14 सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



विकासखंड के ग्राम परसदा (डंग) स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संभाग स्तरीय बालक एवं बालिका अंडर-14 सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग है, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल ओटेबंद के अध्यक्ष कुलदीप साहू ने की। उन्होंने संभाग के छह जिलों से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपने विद्यालय, समाज, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम और बेमेतरा जिले के खिलाड़ी एवं दल प्रबंधक शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायगढ़ में आयोजित होगी।

**ये रहे उपस्थित** इस अवसर पर सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच हीलेश्वर साहू, प्राचार्य नूतन गुप्ता, जिला खेल अधिकारी (डीएसओ) किशोर मेहरा, सहायक डीएसओ स्वपन जेना, देवीलाल साहू, पीटीआई दुष्यंत साहू सहित विभिन्न जिलों के दल प्रबंधक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन आर.के. देशलहरा एवं राजेश चंद्राकर ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में व्याख्याता दीपक देशमुख सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा (डंग) के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### शिक्षक की मांग पर कोचेरा ...

साहू, युवराज देशलहरे, यामिनी साहू, डिगेश्वरी, डालेश्वरी , जानकी सेन, ममता देशलहरे, कोवि, टोमिन यादव, टामिन, राधेश्याम, श्यामलाला, हिरायादव, महेश, खेतमल, मोहन प्रदीप, दवेन्द्र राव, बिसेलाल केकती, लक्ष्मी नारायण, मोहित, टुमेन्द्र अडिल, परमानंद गंजीर, पप्पु साहू,ईश्वर साहू उपस्थित थे। खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित चन्द्राकर ने कहा एक शिक्षक की व्यवस्था कर दी गई है।

### बिना लाइसेंस चल ...

जांच में सहयोग नहीं किया गया और विभागीय कार्रवाई में बाधा डालने का प्रयास किया गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने स्थानीय पंचों और गवाहों की उपस्थिति में गोदाम का ताला तुड़वाकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान नेपच्यून प्रोटेक्टर, कृषि कवच एलीट, सोम पैंथर-95, वरुणास्त्र-77, त्रिकाल गोल्ड, गंधर्व शक्ति जॉकी सहित बड़ी मात्रा में कृषि आदान सामग्री तथा 67 बोरी रॉ मटेरियल बरामद किया गया। इसके बाद दोनों गोदामों को विभागीय कार्रवाई के तहत सील कर अपने कब्जे में ले लिया गया। कृषि विभाग ने बताया कि बिना वैध लाइसेंस उर्वरक एवं कृषि आदान सामग्री का भंडारण और विक्रय संबंधित नियमों का उल्लंघन है। जब्त सामग्री के दस्तावेजों और नमूनों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपसंचालक कृषि संदीप भोई ने कहा कि किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने किसानों से केवल अधिकृत एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद, बीज और कीटनाशक खरीदने तथा हमेशा पक्का बिल लेने की अपील की।

### पेज 9 के शेष

### दो फरार अंतरराज्यीय ...

लाख रुपये आंका गया था। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया था। पूछताछ में पुलिस को गिरोह के मुख्य सरगना एवं अन्य सदस्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और साइबर विश्लेषण के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश के रायसेन एवं भोपाल में दबिश देकर फरार आरोपी सतनाम गौड़ (31), निवासी राहुल नगर, जिला रायसेन तथा भगवान सिंह बंजारा उर्फ भम्मा (21), निवासी एकता नगर, सुखी सेवनिया, जिला भोपाल को गिरफ्तार किया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील तिर्की, उप निरीक्षक अनित राम यादव, आरक्षक बेनीराम साहू, साइबर सेल के आरक्षक धर्म भुआर्य, प्रधान आरक्षक विवेक शाही तथा आरक्षक विपिन गुप्ता, पुरन देवांगन, भोपसिंह साहू एवं गुलजारी साहू की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित कड़ियों की गहन जांच जारी है।

### ट्रैक्टर की बैटरी और ...

डौण्डी में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल, गवाहों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर एमरॉन कंपनी की एक बैटरी, एक्साइड कंपनी की एक बैटरी और एक साउंड बॉक्स बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में साहिल उर्फ चीकू रावटे (20) निवासी भर्रीटोला, इंद्रजीत टेकाम उर्फ लाला टेकाम (20) निवासी जवाहरपारा, डौण्डी तथा करण पिस्दा (18) निवासी बंधियापारा, डौण्डी शामिल हैं। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक उमा ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक दुर्जन लाल रावटे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र कुमार सिंह, अरविंद यादव, आरक्षक पुकेश साहू एवं सुमन सिंह देवहारी की सराहनीय भूमिका रही।

### युवक ने फांसी ...

के पास एक व्यक्ति का पेड़ पर फांसी के फंदे में झूलता शव मिला। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा तैयार किया गया। जहां शव का पंचनामा तैयार करने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। वही मृतक व्यक्ति कहा का है यह अभी स्पष्ट नही हुआ है,पुलिस जांच के बाद ही मृतक की पहचान स्पष्ट हो पाएगी तथा व्यक्ति ने ऐसा कदम क्यो उठाया यह स्पष्ट हो पाएगा।

## खबर संक्षेप



### पौधों की सुरक्षा के लिए सत्य साईं सेवा संगठन की पहल

**गुण्डरदेही।** सत्यसाईं सेवा संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु दोहरी जाली बांधकर पौधों की सुरक्षा की जा रही है। पौधे के बढ़ने पर गाय बकरी के द्वारा हरे पत्ते के लालच में नुकसान पहुंचाया जाता है जिससे बचने के लिए गुण्डरदेही के सार्वजनिक स्थल पर लगे पेड़ों में दोहरी जाली लगाया गया है। जिसमें संगठन के ग्रुप लीडर अनिल कटहरे, पर्यावरण प्रभारी केशव राम साहू, लोचन सिन्हा, चुनुराम चंद्राकर की सहभागिता रही।

### महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**गुरूर।** स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में सत्र 2026–27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए विश्विद्यालय का पोर्टल के माध्यम से प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भर सकते है। जिसमे स्नातकोत्तर कक्षा एमए राजनीति शास्त्र, भूगोल और पीजीडीसीए के लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है। स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी जीव विज्ञान, गणित, बीकॉम, डीसीए हेतु द्वितीय चरण हेतु 26 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालय में प्रवेश की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

### भव्य वरघोड़ा, अभिनंदन समारोह और गौतम प्रसादी में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

# दीक्षा से पहले मुमुक्षु काजल नाहर का बहुमान, भखारा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर







भखारा राल जैन समाज के तत्वाधान में आयोजित बहुमान समारोह में मुमुक्षु बहन काजल नाहर गातापार का दीक्षा के पहले कृषि उपज मंडी भखारा के वृहगं प्रांगण में भव्य अभिनंदन सोमवार को किया गया। प्रारंभ में भगवान महावीर और गुरुओ की जय कारा के साथ भव्य बरगोड़ा नगर में निकली। बरगोड़ा एवं अभिनंदन समारोह में जामगांव आर, बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहन, निपानी, पचपेड़ी, भेलवाकूदा, बगदेही, कोसमर्रा, खोरपा, कसही, कोर्रा, रानीताराई, गुजरा, पंदर, पाटन, नवागांव, भेलवाकूदा, तर्रागोंदी, सेमरा, भखारा, कुरुद, देवरी, जामगांवजी, दुर्ग, रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, सरोना, कांकेर, राजिम, उड़ीसा के जैन श्री संघ सदस्य सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी साक्षी बने। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतम चंद चोरड़िया ने बताया कि श्री संघ ने सामूहिक गौतम प्रसादी ग्रहण किए। गायक राहुल झाबक की संगीत भक्ति ने पूरे वातावरण को भक्ति के रंग में सराबोर रखा।

जैन भगवती दीक्षा ग्रहण करने वाली मुमुक्षु बहन बाल ब्रह्मचारिणी काजल नाहर सुपौत्री पुखराज माडू बाई नाहर एवं सुपुत्री विनोद राखी नाहर गातापार की दीक्षा 4 सितंबर बीकानेर में संभावित है दीक्षा बीकानेर राजस्थान में 4 सितंबर को वात्सल्य–मुक्ति के प्रणेता आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब के सानिध्य में एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि जी महाराज साहब के मुखारविंद से संपन्न होगी। मुमुक्षु बहन काजल नाहर ने कहा कि दुनिया में हमारा जन्म कर्मो का बंधन काटते हुए आत्म कल्याण के लिए हुआ है, इस बात को जानने वालों की कमी नहीं है, लेकिन मानने वालों की संख्या विचारणीय है, संतों का सतत सानिध्य मिला, बात दिलों दिमाग की तह तक पहुंची और मन दीक्षा लेने तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि अभिनंदन समारोह मायावी संसार से अलविदा का सिग्नल है। इसके बाद रिश्तों नातो से दूर गुरु आज्ञा में आत्म कल्याण के मार्ग पर चलते हुए भेंट होते रहेगी।

मुमुक्षु काजल नाहर ने कहा कि आशक्ति छोड़ विरक्ति में रमने का उत्तम व्यवस्था है, गुरु चरणों को आत्मसात कर दीक्षा ग्रहण करना। लेकिन जो इस मार्ग पर नहीं बढ़ पाते है उन्हें गृहस्थ जीवन में भी संत जीवन सा आचरण अवश्य करना चाहिए। संत मनीषी कहते है कुमार्ग अशांति, छल, कपट, पापाचार से बचना है तो धर्म की राह चले, धर्म ही जीवन को मानवीय मूल्यों के तहत जीने की राह दिखाती है। मायावी संसार की विडंबना की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए मुमुक्षु बहन काजल ने कहा कि दुख के सागर में सुख की तलाश करना बेमानी है। मेरे वीर माता राखी देवी, वीर पिता विनोद, वीर दादा पुखराज, वीर दादी माडू देवी ने समय काल परिस्थिति को समझ कर मुझे आत्मा को परमात्मा बनाने के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद प्रदान किया, आज 20 जुलाई को मुझे 80 वर्षों से संचालित भखारा राल जैन समाज का आशीर्वाद भी मिला।

सोमवार को भखारा में आयोजित मुमुक्षु बहन काजल के अभिनंदन समारोह के शिल्पकार भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतमचंद चोरड़िया बटरेल का समाज ने उनके उत्कृष्ट एवं दृढ़ विचारों के साथ सफल आयोजन के लिए बहुमान किया। समारोह में स्थानीय से लेकर प्रदेश स्तर के सामाजिक पदाधिकारी मोहनलाल बाफना, महेश नाहटा, गंभीरमल सांखला, कवि राधेलाल लोढ़ा, चंचल सांखला, सुरेश बाफना, कवि थानमल ओस्तवाल, तिलोकचंद ओसवाल, जमुना लाल नाहर, मोहनलाल नाहर, कन्हैयालाल गिडिया, इंदर सांखला, राहुल झाबक, देवेंद्र भंसाली, अमरचंद बाफना, सुभाष छाजेड़, नवीन देशलहरा, गोवर्धन कोचर, नीरू बैद, राजू डोसी अभिनंदन समारोह के साक्षी बने। समाज के उच्च स्तरीय पदाधिकारियों का बहुमान भी किया गया।

# शेष माता मंदिर परिसर में असामाजिक गतिविधियों के विरोध में श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मंदिर की पवित्रता बनाए रखने और अवैध निर्माण रोकने की मांग, कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की

शेष माता मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों के जमावड़े और अवैध निर्माण के विरोध में भक्तों ने ज्ञापन सौंपा।

शेष माता मंदिर के सामने शासकीय खाली जमीन पर असामाजिक तत्वों द्वारा नशाखोरी करने और मंदिर की पवित्रता भंग करने के विरोध में मंदिर के श्रद्धालुओं ने संयुक्त रूप से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सीएमओ नगर पंचायत और थाना प्रभारी गुंडरदेही को संबोधित करते हुए प्रस्तुत किया गया है।

सौपे गए ज्ञापन में श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया है कि दूर–दूर से आने वाले भक्तों की आस्था के केंद्र शेष माता मंदिर की पवित्रता को ठेस पहुंचाने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। पूर्व में इस परिसर में दिए गए एक भवन का दुरुपयोग कर बाहर से आने वाले संदिग्ध लोग दिन–रात शराब पीकर गाली–गलौज और हुड़दंग करते हैं। नेताओं द्वारा इन तत्वों को संरक्षण दिए जाने के कारण क्षेत्र में अशांति और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। भक्तों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि पूर्व में दिए गए भवन को तुरंत वहां से हटाया जाए। इसके साथ ही, उक्त स्थल पर किसी भी नए भवन निर्माण की दी गई स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त या स्थानांतरित किया जाए। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाहर से आने वाले संदिग्ध लोगों और मत्स्य सोसायटी से जुड़े तत्वों की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए, ताकि यह साफ हो सके कि वे किस उद्देश्य से वहां नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियां चला रहे हैं।

ज्ञापन में स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी गई है कि यदि इस संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं की गई और भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना घटित हो सकती है। इस दौरान प्रमुख रूप से बीपी. डिल्लावार, नंदलाल, केशवराम, रुद्र कुमार, जिज्ञासा सहित बड़ी संख्या में मंदिर से जुड़े श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## सिर्री शक्ति केंद्र की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर मंथन



**गुण्डरदेही।** शक्ति केंद्र सिर्री की बैठक सरपंच सिर्री भारती देवांगन के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से श्रीकांत वर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा सहप्रभारी, राजनांदगांव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में गुलाब देशलहरे, रविंद्र कुमार देशलहरे, भारती देवांगन सरपंच, खेमलाल देवांगन, दानीराम सपहा, केशव चंद्राकर, अशोक यादव, देवनारायण ठाकुर, कुलदीप वर्मा, हरिशंकर निर्मलकर, आशा वर्मा, नीरा ठाकुर, सरिता कोसरिया, उत्तरा बघेल, शकुन ठाकुर, मधु राउत, उर्मिला ठाकुर, मनेंत्री विश्वकर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक उपरांत भारतीय जनता युवा मोर्चा ओटेबंद मंडल के मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा द्वारा ग्राम के स्वच्छता समूह से जुड़ी महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज में स्वच्छता, सेवा और जनकल्याण के प्रति उनके निरंतर समर्पण एवं योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक रहा। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी बहनों के कार्यों की सराहना की।

## भरदाकला स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

- छात्राओं को बांटी साइकिलें
- विधायक निषाद ने विकास कार्य का किया शुभारंभ, स्वयं चलाकर देखी साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भरदाकला में आयोजित अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया साथ ही 9 वी के छात्रओ को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान विधायक ने स्वयं सायकिल चलाकर देखा, इस अवसर पर विधायक ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में यह विकास कार्य विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं विद्यार्थियों को साइकिल वितरण शिक्षा की राह को और अधिक सुगम बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आइए हम सभी प्रत्येक बच्चे की शिक्षा को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्रांति भूषण साहू, अध्यक्ष जिला सरपंच संघ बालोद, जनपद सदस्य टुकेश्वरी भूपेंद्र साहू, रामेश्वर साहू, भूपेंद्र साहू सहित शिक्षक गण एवं छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

## सहकार भारती गुण्डरदेही की नई कार्यकारिणी घोषित, बिरेंद्र बने खंड प्रमुख, चुरामण को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही



सहकार भारती गुण्डरदेही की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में पहले जिला पदाधिकारियों की चर्चा हुई, इसके बाद खण्ड गुण्डरदेही के पदाधिकारियों की घोषणा के संबंध में विचार–विमर्श किया गया।

संगठन प्रमुख रूद्र प्रकाश साहू, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहडा, जिला महामंत्री रूपेश कुमार सिन्हा, कार्यालय प्रभारी लोकेश साहू एवं खण्ड प्रमुख बिरेंद्र कुमार साहू की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हुई। उपस्थित सदस्यों की रायशुमारी के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवगठित कार्यकारिणी में खण्ड प्रमुख बिरेंद्र कुमार साहू, महामंत्री चुरामण यादव, उपाध्यक्ष शशि साहू, मंत्री तारा चंद्र साहू, लेख राम साहू, कोषाध्यक्ष सुफल राम कुलहारे, नगर प्रमुख सियाराम सोनकर, महिला प्रमुख रागनि साहू को बनाया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में हेमंत कुमार साहू, उत्तम कुमार, विजय यारदा, चंदप्रकाश चंद्राकर, शिव प्रसाद साहू, राजेन्द्र कुमार, अशोक कुमार साहू, उमेश कुमार, विजय पाल साहू, जनक पटेल, किशन लाल, खम्भन लाल, रिखी राम साहू, अरूण कुमार साहू, भगवान दास साहू, सुफल कुमार, द्वारिका प्रसाद साहू, संतोषी साहू सहित सहकार भारती के सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### लिकेश कुमार साहू



**बालोद।** ग्राम पसौद निवासी 32 वर्षीय लिकेश कुमार साहू का आकस्मिक निधन 20 जुलाई सोमवार को हो गया है उनकी अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। उनकी अंत्येष्ठी कार्यक्रम मे सामाजिक सहित ग्रामीण बड़ी संख्या उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, डौंडी**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**-: इश्तहार :-**
रा.प्र.क्र. अ-21 वर्ष 2025-26
ग्राम-डौंडी, प.ह.नं. 24, तहसील डौंडी, दिनांक 10/07/2026
क्रमांक/1169/प्र./तह./2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद (छ.ग.) के पत्र क्रमांक / 305 / प्र.कले. / 2026 बालोद दिनांक 30/06/2026 के अनुसार आवेदिका गायत्री जौ मणिन्द्र कुमार, जाति कलार निवासी डौंडी वार्ड नंबर 06 तहसील डौंडी जिला बालोद (छ. ग.) के द्वारा ग्राम डौंडी प.ह.नं. 24 तहसील डौंडी जिला बालोद स्थित अपने स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 1184/16 रकबा 0.02 हे. भूमि के भाग पर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भवन निर्माण के लागत भुगतान के लिए रुपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता तिथेश्वरी वर्मा पति कमलनारायण वर्मा जाति कर्मा निवासी ग्राम डोमा तहसील बोरी जिला दुर्ग के पास विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) दस्तावेज सहित आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला बालोद के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 29/07/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार डौंडी

# पीएमश्री स्कूल बना नवाचार की मिसाल म्यूजिक बैंड से बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- संगीत, अनुशासन और नवाचार के दम पर जिले में बनाई अलग पहचान






जिले के संकुल केन्द्र पाररास में स्थित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीपारा आज इसी सोच के साथ पूरे जिले में शिक्षा और संगीत के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका है। सत्र 2022–23 में इस शाला को केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएमश्री' के रूप में चिन्हित किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सवांर्गीण विकास करते हुए स्कूल को एक मॉडल स्कूल के रूप में स्थापित करना है। शाला प्रबंधन और शिक्षकों ने इस उद्देश्य को सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे धरातल पर उतारकर दिखाया।

म्यूजिक बैंड ग्रुप बच्चों के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने और उन्हें स्कूल के प्रति आकर्षित करने के लिए शाला में एक अनूठा प्रयोग किया गया। स्कूल म्यूजिक बैंड ग्रुप के गठन में समावेशी भागीदारी है। इस बैंड ग्रुप में किसी एक कक्षा के नहीं, बल्कि शाला की सभी कक्षाओं के बच्चे शामिल हैं। शाला के सभी बच्चे सभी प्रकार के वाद्य यंत्रें का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हैं। दैनिक प्रार्थना सभा से लेकर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जब इन बच्चों का गायन एवं वादन गूंजता है, तो हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। बैंड ग्रुप के बच्चों के लिए यहां की प्रधान पाठिका वर्षा यादव द्वारा विशेष गणवेश तैयार किया गया है,स्कूल के बच्चों ने खुद आगे बढ़कर सामाजिक जिम्मेदारी उठाई, शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने तथा बच्चों के पालकों के बीच जाकर यह अपील करते हैं कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन साफ–सुथरे गणवेश में और सही समय पर स्कूल भेजें। बच्चों के इस प्रयास की पालकों ने न केवल सराहना की, बल्कि इसका बड़ा सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। आज स्कूल एवं समुदाय के बीच नियमित संवाद स्थापित हो चुका है। शाला के प्रत्येक कार्य में पालकों की भागीदारी देखने को मिलती है, यह प्रेरणादायक वातावरण अब पूरे समुदाय के लिए गर्व का विषय बन गया है। इस अभूतपूर्व बदलाव और सुखद वातावरण को तैयार करने में प्रधान पाठिका वर्षा यादव, संगीत प्रशिक्षक रानू निषाद और शाला के शिक्षकों की टीम भावना एवं कड़ी मेहनत का विशेष योगदान है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीपारा ने यह साबित किया कि अगर सही दिशा, उद्देश्य, नवाचार और लगन हो, तो सरकारी स्कूल को भी एक आदर्श मॉडल के रूप में खड़ा किया जा सकता है। आज यह विद्यालय जिले के सभी स्कूलों के लिए प्रेरणा का जीता–जागता केन्द्र

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाई की स्मृति में कराया न्योता भोज

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सहगांव में पीटीआई रंजना साहू ने अपने दिवंगत भाई स्व. राकेश कुमार हिरवानी की स्मृति में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन कराया। इस अवसर पर बच्चों को चावल, दाल, सब्जी के साथ खीर, पूरी और पापड़ का स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। स्वादिष्ट भोजन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि न्योता भोज योजना का उद्देश्य समाज की सहभागिता से विद्यालय के बच्चों को विभिन्न पारिवारिक एवं सामाजिक अवसरों पर पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है, जिससे उनमें अपनत्व और सामाजिक सहयोग की भावना विकसित हो। इस अवसर पर रंजना साहू ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था के लिए विद्यालय को एक स्टील के पानी का ड्रम भी भेंट किया। विद्यालय परिवार ने उनके इस सराहनीय एवं प्रेरणादायी कार्य की प्रशंसा करते हुए स्व. राकेश कुमार हिरवानी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सूर्या राम मेरिया, के.एल. चुरेन्द्र, नीलिमा राम, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, विजय कुमार पटेल, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, साधना देशमुख, कामिनी भुआर्य, इन्द्रावती ध्रुव, चेला राम, पूर्णिमा निषाद सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शदाणी कालेज में पीजीडीसीए के लिए 24 तक प्रवेश

**डौंडीलोहारा।** स्थानीय संत राजाराम शदाणी नागरिक महाविद्यालय में इस वर्ष पीजीडीसीए कोर्स के लिए 18 जुलाई से आनलाइन प्रवेश प्रारंभ हो चुका है तथा आगामी 24 जुलाई तक ऑन लाइन प्रवेश किया जा सकता है। महाविद्यालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में पीजीडीसीए विषय मे प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं आगामी 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर इस वर्ष पीजीडीसीए विषय में प्रवेश ले सकते हैं। 24 जुलाई तक प्राप्त आन लाइन आवेदनों के लिए आगामी 25 जुलाई को मेरिट सूची जारी किया जाएगा तथा आगामी 27 जुलाई से 31 जुलाई तक महाविद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

### अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी स्थित गौठान के पास अवैध शराब बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके में पहुंच कर दबिश दिया जहां से ग्राम पंचायत रोड, ग्राम गोडपेण्ड्री, उतई निवासी भुनेश्वर आग्नेकर उर्फ भुवनु, नकुल वर्मा को पकड़ा गया।

**बैठक :** लंबित अपराधों और शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# क्राइम समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक का सख्त संदेश, अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

क्राइम समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा अपराध व अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति सख्त निर्देश दिए गए। समस्त लंबित अपराध, चालान एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु व प्रकरणों का त्वरित निकाल सुनिश्चित करने के आदेश बाउंड ओवर की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पुलिसिंग में अनुशासन, जनसंपर्क और प्रोफेशनल कार्यशैली पर विशेष जोर दिया गया। कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा कड़े निर्देश दिये गये।

जिला मुख्यालय में आयोजित क्राइम समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्राइम समीक्षा बैठक में लंबित अपराधों, चालानों, वारंट, गुमशुदगी, शिकायतों एवं विवेचना की प्रगति की विस्तृत





समीक्षा की गई। साथ ही जुआ, सट्टा, आबकारी एक्ट, अवैध परिवहन, अवैध निवासियों के सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, निगरानी बदमाशों की चेकिंग, सड़क दुर्घटना नियंत्रण, साइबर फ्रॉड जागरूकता, स्कूल एवं बीट प्रणाली की कार्यवाही तथा गौवंश तस्करी जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। परिवार परामर्श केंद्र के प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं नेटग्रिड के माध्यम से आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने पर भी जोर दिया गया।

उन्होने कहा अपराध नियंत्रण एवं सक्रिय पुलिसिंग के तहत अपने–अपने थाना क्षेत्रें में उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करें। अवैध परिवहन के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जाए। सूचनातंत्र को मजबूत कर समय रहते अपराधों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। यातायात व्यवस्था में सुधार के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। ओवर स्पीड वाहनों पर नियमित चेकिंग व चालानी कार्रवाई की जाए। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर बैरीकेट एवं रेडियम लगवाना सुनिश्चित करें। जनसंपर्क एवं व्यवहार के तहत सभी थाना प्रभारी थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र मजबूत एवं स्टाफ व आम जनता से शिष्ट, संयमित एवं संवेदनशील व्यवहार रखें। बेहतर सामंजस्य बनाकर कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्येक थाना से चयनित स्टाफ को साइबर अपराध संबंधी प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे कार्य का भार कम हो और दक्षता बढ़े। जिले में शराब, सट्टा, जुआ एवं गांजा जैसी गतिविधियों को पूर्णतः बंद करने के निर्देश। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि वे अचानक निरीक्षण (सरप्राइज विजिट) करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित समीक्षा भी जारी रहेगी। बेहतर कार्य करने वालों को प्रशंसा एवं प्रोत्साहन, वहीं लापरवाहों पर कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही यह निर्देशित किया गया कि थाना स्तर पर आवश्यक सभी सामग्री एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु समय–समय पर प्रस्ताव, आवेदन प्रस्तुत किए जाएं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा। सुरक्षा दृष्टिकोण से लाइन एवं ऑर्डर ड्यूटी के लिए आवश्यक पर्याप्त संसाधन थाना में उपलब्ध रखना तथा उनकी अद्यतन जानकारी संधारित करना भी अनिवार्य किया गया। पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने स्पष्ट कहा कि पुलिस की छवि को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जन्मशताब्दी वर्ष पर गायत्री परिवार का हरित संकल्प, 20 प्रजातियों के पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां भगवती की जन्मशताब्दी समारोह के अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से ब्लाक स्तर पर 1000 पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया था। इसी संकल्प को पूरा

■ ब्लॉक में एक हजार पौधे लगाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा अभियान, वन विभाग ने उपलब्ध कराए पौधे

करने के लिए 18 जुलाई को बालोदगहन उद्यान से बादाम, काजू, कटहल, नीम, करंज, अशोक, बांस, नींबू, मुनगा, जाम, जामुन, चार, सिंदूरी, खम्हार, गुलमोहर, बोहार, शीशम, बेहढा जैसे 20 प्रकार के पौधो का रोपण किया गया, पौधे वन विभाग के सहयोग से निःशुल्क उपलब्ध हुआ है। शक्तिपीठ के प्रज्ञा पुत्र परिव्राजक



बहुरसिंह के मार्ग दर्शन में भेजा के चिंता राम साहू, बोधन साहू, लोकेंद्र, जागृति प्रसाद, लोकू राम, भागवत, पुरूर के प्रीतम साहू व साथी ठेकवाडीह से रुपेन्द्र साहू, धनोरा के दाउ लाल गंजीर, हितेंद्र गंजीर धोबनपुरी के धनेश साहू, धनसिंग गंजीर कुल 16 परिजनों ने अपने समय, सेवाएं अर्पित किए। सभी हीरक मंडल प्रभारियों से 100 पौधे ले जाकर समूह में सभी परिजनों, ग्राम वासियों प्रमुखों, बाल संस्कार के बच्चे को साथ लेकर पौधारोपण करने कहा गया।

पौधो की सुरक्षा के लिए प्रयास करने की बात कही गई। जहां खाली जगह हो वहां सुरक्षा घेरा कर माता भगवती स्मृति उपवन का नाम देकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की बात कही गई तथा प्रत्येक परिजन एक पौधे जरुर लगावे का संदेश दिया गया।

## भाजपा मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक बूथ सशक्तिकरण संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की मासिक बैठक रविवार को सामुदायिक भवन गुण्डरदेही मे रखी गई, जिसमें संगठनात्मक कार्यो् की समीक्षा,

■ आगामी कार्यक्रमों और सदस्यता अभियान की बनाई रणनीति

बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से जिला कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं विधानसभा प्रभारी राकेश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राजेंद्र राय, वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी



चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी ठाकुरराम चंद्राकर, कांति सोनेश्वरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, टोमन साहू, अश्वनी यादव, केशव साहू, पार्षद हरीश निषाद, रोमलाल यादव, नमन जैन, सौरभ चोपड़ा, कमल तातेड, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोषी साहू, गिरजा यादव, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू सहित जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधानसभा प्रभारी राकेश पांडे ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। प्रत्येक बूथ को सशक्त एवं सक्रिय बनाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना तथा संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना सभी कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है। संगठन की मजबूती बूथ स्तर से होती है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसेवा के कार्यो् को प्राथमिकता दें और जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाएं।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान, सेवा गतिविधियों एवं संगठन को और मजबूत बनाने के लिए दिशा–निर्देश दिए गए। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

## छापेमार कार्रवाई में भारी मात्रा में कबाड़ सामग्री जब्त, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



**बालोद/गुण्डरदेही।** जिले में नए पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना के बाद पुलिस अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुण्डरदेही पुलिस ने एक कबाड़ी के यहां छापेमार कार्रवाई कर भारी मात्रा में कबाड़ सामग्री जब्त की है।

मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान विनय पिता अलख देवार के कब्जे से बड़ी मात्रा में कबाड़ सामग्री बरामद की गई। जब्त सामग्री के संबंध में आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में नए पुलिस अधीक्षक के कार्यभार संभालने के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ी है। जिन क्षेत्रों में पहले कार्रवाई अपेक्षाकृत कम होती थी, वहां भी अब लगातार अभियान चलाकर अवैध कारोबार और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## सेवा सहकारी समिति की अनियमितताओं के खिलाफ किसानों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम स्थित सेवा सहकारी समिति, पंजीयन क्रमांक 692 में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में सोमवार 20 जुलाई 2026 को पंजीकृत किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार अधिकारी दुर्ग के माध्यम से सौंपा। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ताम्रध्वज साहू तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने किसानों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सहकारी समितियों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण किसान परेशान हैं।

किसानों का आरोप है कि समिति में पिछले 5 वर्षों से आमसभा नहीं बुलाई गई है। कृषकों के अंशदान का कोई हिसाब नहीं दिया जा रहा। वर्ष 2023-24 और 2024-25 में की गई शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके साथ ही प्राधिकृत अध्यक्ष द्वारा मनमानी तरीके



से कामकाज किया जा रहा है।

### किसानों की 6 सूत्रीय मांगें

ज्ञापन में किसानों ने शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। समिति और बैंक शाखा के माध्यम से आमसभा आयोजित कर पिछले 5 वर्षों का कृषक अंशदान का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। 2023-24 और 2024-25 की लंबित शिकायतों की जांच पुनः की जाए। यह जांच किसानों की मौजूदगी में आमसभा के माध्यम से हो। सेवा सहकारी समिति निकुम की संचालन समिति का निर्वाचन शीघ्र किसानों द्वारा कराया जाए। वर्तमान प्राधिकृत अध्यक्ष का कार्यकाल तत्काल समाप्त किया जाए और किसानों द्वारा गठित निगरानी समिति को मान्यता दी जाए।

प्राधिकृत अध्यक्ष पर पंजी बंद करने के आरोप में 7 दिन के भीतर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। समिति के सुचारू संचालन के लिए योग्य और व्यवस्थित कर्मचारियों की नियुक्ति आमसभा की सहमति से की जाए। किसानों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 20 दिन के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे बृहद आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि खाद-बीज और ऋण वितरण में भी गड़बड़ी की जा रही है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। धरना स्थल को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान केवल नारों तक सीमित रह गया है। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का केंद्र बन गई हैं। जब तक आरोपी पर कार्रवाई नहीं होती और किसानों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। राकेश ठाकुर ने कहा कि निकुम की स्थिति पूरे जिले का उदाहरण है। सरकार जांच के नाम पर समय बिता रही है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। धरने में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्र देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू ललीत देशमुख, उत्तम धनकर मनीष बेलचंदन, कुलेश्वर साहू डॉ पिलेश्वर साहू घनश्याम गजपाल, देवेन्द्र कुमार दिपांशु यादव, राजेन्द्र साहू, रामकुमार आडिल रमेश साहू देवलाल साहू बलराम देशलहरे सहित बड़ी संख्या में किसान गण और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### यात्री की जेब से 74 हजार किया पार, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** आटो सवारी के जेब से रकम निकालने के मामले में पुलिस ने चालक व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई 3 निवासी अरविंद कुमार अपने कार्यालिय से केनरा बैंक, चरोदा शाखा, भिलाई 3 में 74 हजार रुपए जमा करने के लिए आटो से जा रहा था। इस दौरान नीले-सफेद रंग के ऑटो में सवार हुआ। जिसमें पहले से दो युवक सवार थे। ऑटो चालक द्वारा पीड़ित को पहले पीछे एवं बाद में आगे बैठाया गया। केनरा बैंक तक न ले जाकर ज्योति कटिंग, चरोदा के पास आटो चालक ने उतार दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था, देर रात तक गूंजते रहे जस गीत और भजन-कीर्तन

## माता शीतला मंदिर में श्रद्धा के साथ शुरू हुआ जुड़वास एवं जस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

माता शीतला मंदिर समिति एवं समस्त नगरवासी गुण्डरदेही के तत्वावधान में सोमवार को माता जुड़वास एवं जस सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माता शीतला की पूजा–अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेन्द्र राय, केके राजू चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, एल्डरमैन गिरजा यादव, चेतन सोनकर, गोकुल निषाद, कोमल सोनकर, माता शीतला मंदिर समिति के



अध्यक्ष सियाराम सोनकर, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार सोनकर, सचिव बसंत कुमार सोनकर, मोहन निषाद, रामकृष्ण सोनकर, सुंदर सोनकर, रविकांत सोनकर, हेमंतदास मानिकपुरी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने माता शीतला के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। माता शीतला मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रें से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। देर रात तक जस सेवा, भजन–कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

